52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 22.0°c अधिकतम 33.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:11 सूर्यास्त : 6:05 | वर्ष : 52/ अंक : 271 | सोमवार, 30 सितम्बर 2024 | अश्विन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

आपका रवैया आपकी योग्यता नहीं, लेकिन फिर भी आपकी ऊँचाई को निर्धारित करता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

हरियाणा कांग्रेस में सी एम बनने के लिए मारामारी है,बापू भी दावेदार है और बेटा भी दावेदार है : मोदी



सत्ता का ये बुखार है...
कुर्सी का ये बुखार है.....

# पत्नी ने डीएम को मिला दिया फोन, एनएसए को मिल गई छुट्टी

## ▶ बेटे की तबीयत खराब होने से परेशान पत्नी ने की शिकायत ▶ अब चीफ देखेंगे पालिका में एनएसए का अतिरिक्त प्रभार


**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** अपने ही बेटे की तबियत खराब होने के बावजूद भी नगर स्वास्थ्य अधिकारी को छुट्टी न मिलने पर परेशान पत्नी ने डीएम को फोन मिलाते हुए पूरी समस्या से अवगत कराया, तो डीएम ने पालिका प्रशासन से अविलंब नगर स्वास्थ्य अधिकारी को छुट्टी देने के निर्देश दिए। डीएम के आदेश पर पालिका चेयरपर्सन ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को छुट्टी देने के साथ उनका चार्ज मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार को दिया।

शासन के निर्देश पर शहर में वर्तमान में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान अपने अंतिम पड़ाव की ओर है, जिसके तहत पालिका द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के बूते लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसमें नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार की ड्यूटी लगी हुई है। उधर, बीते कई दिनों से उनके बेटे की तबियत भी खराब चल रही है। ऐसे में बेटे को अच्छे चिकित्सक को दिखाने के लिए उन्हें नगरपालिका से छुट्टी नहीं मिल रही थी। इस बात से परेशान उनकी पत्नी ने बीते 26 सितम्बर को सीधे डीएम उमेश चन्द्र मिश्रा को फोन कर दिया। उन्होंने डीएम उमेश मिश्रा के समक्ष फोन पर अपने परिवार की परेशानी को रखने के साथ बेटे की बीमारी के बीच पति को अवकाश न मिल पाने से अवगत कराया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी की पत्नी की डीएम ने समस्या सुनकर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को फोन करते हुए तत्काल प्रभाव से स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार को अवकाश पर भेजने के निर्देश दिये। ईओ ने इस बारे में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की जानकारी दी। नगर पालिका चेयरपर्सन ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार को छुट्टी देने के साथ ही मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक योगेश कुमार गोलियान को अपने कार्य के साथ ही नगर स्वास्था अधिकारी के पदीय दायित्व को निभाने का प्रभार भी सौंपा गया।



जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर

**इन्होंने कहा-**



**चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप** ने बताया कि बीते दिवस नगर स्वास्थ्य अधिकारी की पत्नी ने डीएम से शिकायत की थी कि उनके बेटे की तबियत खराब है और डॉ. अतुल की परिवार को अधिक जरुरत है। डीएम ने ईओ को निर्देश दिये थे कि डॉ. अतुल को तत्काल प्रभाव से अवकाश पर भेजा जाये। ऐसे में मुख्यालय छोड़ने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। ऐसे में पालिका के मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक योगेश कुमार गोलियान को अपने कार्य के साथ नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पदीय दायित्व निभाने का प्रभार भी सौंपा गया।



**ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह** ने बताया कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नगरपालिका में अवकाश के लिए कोई भी आवेदन नहीं किया था और न ही अपने बेटे की तबियत खराब होने के बारे में अवगत कराया था, लेकिन डीएम साहब ने उनको अवकाश पर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वैसे भी अवकाश स्वीकृति का अधिकार चेयरपर्सन को ही है, ऐसे में उन्होंने डीएम के आदेशों की जानकारी उन्हें दे दी, जिसके बाद नगर स्वास्थ्य अधिकारी को एक पक्षीय आधार पर अवकाश पर भेज दिया गया है।

## अवैध ई-रिक्शाओं पर नहीं लगी लगाम तो त्यौहारों पर इससे भी बुरा लगेगा जाम



**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** रविवार की शाम सात बजे भगत सिंह रोड की तस्वीरें बुलेटिन पाठकों ने वीडियो सहित बुलेटिन के साथ साा की और कहा कि अवैध ई-रिक्शाओं पर अभी तक लगाम नहीं लग पाया है। त्यौहार सिर पर है और इन ई-रिक्शाओं के अलावा शहर में और कुछ चलता दिखाई ही नहीं देता। गाड़ियों से चलना तो दूर पैदल चलना दुश्वार हो गया है। भगत सिंह रोड पर रसूखदार लोग तो अपने परिवार के लोगों को खरीददारी करने के लिए भेजते ही नहीं, क्योंकि ई-रिक्शाओं के जंजाल में ही भगत सिंह रोड पूरी तरह घिर चुका है। जैसे ही त्यौहार आयेंगे, तो अधिकारियों के पास बिजी रहने का नया बहाना पहले से ही तैयार होगा, ऐसे में यदि शहर का हॉल यही रहा तो बाजारों में खरीददारी करने के लिए ग्राहक किसी सूरत में आने वाला नहीं है। अब देखना यह है कि त्यौहारों से पहले अधिकारी जागते हैं या वहीं पुरानी व्यवस्था ही ढर्रे पर चलती दिखाई देगी। बुलेटिन भी इस बात का इंतजार कर रहा है कि आखिर अधिकारियों को शहर की व्यवस्था बनाने में कितने वर्ष चाहिएं। अभी खामोशी से तमाशा देखा जा रहा है, मगर अब आम जनता को अहसास हो रहा है कि फिर एक बार बाजार बंद करके सड़कों पर उतरना पड़ेगा, तभी इस शहर के अधिकारी, वोट बटोरने वाले नेता जागते दिखाई देंगे, नहीं तो यहां कुछ होने वाला नहीं है।

## कम्पनी लगा रही नगर पालिका को चूना, कुम्भकरणी नींद में अफसर

### लाखों भुगतान करने पर भी नहीं हो रहा कूड़े का निस्तारण

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** नगरीय क्षेत्र की दिशा व दशा बदलने की दिशा में पालिका द्वारा डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन का कार्य कर रही नई दिल्ली की एमआईटूसी कंपनी द्वारा रोजमर्रा लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है, लेकिन कुंभकरणी नींद में सोये पालिका प्रशासन को इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं है। पूर्व में कंपनी से हुए अनुबंध के अनुसार न तो शहरी क्षेत्र में सफाई हो रही है। वहीं तय शर्तों के बीच सभी घरों से प्रतिदिन डोर- टू-डोर कूडा कलेक्शन नहीं हो पा रहा है। बड़ी बात यह कंपनी की गाड़ी तेज आवाज में मौहल्ले से होकर गुजर जाती है, और घर से बाहर कूड़ा लिए परिवार गाड़ी के गुजर जाने पर स्वयं को ठगा सा महसूस करते रह जाते हैं। इसके बावजूद भी पालिका प्रशासन कम्पनी को हर माह लाखों रुपए भुगतान कर रही है, जिसमें कई अधिकारी और कर्मचारियों का निजी स्वार्थ छिपा हुआ दिखाई दे रहा है। शहरी क्षेत्र में सफाई को लेकर पालिका प्रशासन ने नई दिल्ली की एमआईटूसी कंपनी संग अनुबंध हुआ है। कम्पनी पर अनुबंध में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और सड़क किनारे पड़े कूड़े आदि को उठवाने की जिम्मेदारी है। कम्पनी द्वारा उक्त कार्य सही ढ़ग से नहीं किया जा रहा है। वैसे शहरी क्षेत्र में करीब 86 हजार से अधिक भवन है। वहीं पालिका में शामिल हुए 11 गांव में करीब 35 हजार भवन अतिरिक्त है। इन भवनों से प्रतिदिन कम्पनी कूड़ा कलेक्शन नहीं कर पा रही है, जबकि कूड़ा उठाने के लिए पालिका ने कम्पनी को टिपर वाहन दिए हुए है। उधर, कूड़ा लेने के लिए प्रतिदिन गाडियां वार्डो में नहीं पहुंच रही है और अगर पहुंच भी गई तो तेज गति और आवाज में यह कर्मचारी कुछ घरों का कूड़ा उठाकर अपने कार्य की इतिश्री समझ बैठे है। स्थानीय लोग इस व्यवस्था से परेशान है। वहीं कई गाड़ियां शामली रोड पर काली नदी के निकट ही कूड़े को डाल रही है। इसके अलावा शहर की सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर हर ओर लगे हैं। डलावघरों से कूड़ा समय पर न उठाने की शिकायत लगातार मिल रही है। पालिका प्रतिमाह जब कम्पनी पर लाखों रुपए खर्च कर रही है तो फिर ऐसे में कूड़े का निदान न हो पाने में समस्या क्या आ रही है, इसकी ओर किसी का ध्यान नहीं है।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाला किन्नर का निधन

**भोपा, 29 सितम्बर (बु.)।** अमीरनगर गांव में पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाला किन्नर की रात्रि में हार्टअटैक आने से मौत हो गई। रविवार की सुबह गमगीन माहौल में उनके शव को सुपुर्द-ए खाक कर दिया गया, जिनके घर पर शोक प्रकट करने वालों का तांता लगा है। बघरा क्षेत्र के गांव अमीरनगर की मूल निवासी 70 वर्षीय बाला किन्नर की शनिवार की रात में अचानक तबियत बिगड़ गई, उनके सीने में दर्द हुआ। उनकी शिष्या मुस्कान किन्नर व भतीजे आदित्य ने बताया कि वह उन्हें प्राइवेट चिकित्सक के पास ले गए, जहां से गंभीर हालत में जिला मुख्यालय पर भोपा रोड स्थित इवान हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां पर उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर गांव से उनके छोटे भाई सुरेश व भाभी कैलाशो के अलावा किन्नर समाज के लोग पहुंच गए तथा रविवार की सुबह उनके शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। बाला किन्नर आरक्षित सीट से दो बार जिला पंचायत में सदस्य चुनी गई।



## गांधी कॉलोनी में पानी पताशे बेचने वाले को पाकिस्तानी बताकर रेहड़ा पलटा



**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** नई मण्डी थाना क्षेत्र के गांधी कॉलोनी में गुण्डागर्दी की घटनाएं आए दिन सामने आती रही रहती हैं। ऐसे में शनिवार की रात गुण्डागर्दी का एक और नजारा सामने आया जिसमें पानी पताशे बेचने वाले युवक अशोक कुमार की पिटाई करते हुए उसका ठेला पलट दिया गया। युवक से हुई बातचीत में उसने बताया कि वह पांच छह सालों से यहां पानी पताशों का ठेला लगाता है। कल रात शराब के नशे में धुत्त पांच-छह युवक आए और उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका नाम अशोक है फिर उक्त युवकों ने उसके भाई का नाम पूछा तो उसका नाम उसने पीयूष बताया। फिर इन लोगों ने पूछा कि तुम कहां के निवासी हो तो पानी पताशे बेचने वाले युवक ने बताया कि वह कच्ची सड़क के आनन्दपुरी का निवासी है मगर फिर भी उक्त नशे में धुत्त चारों युवकों ने उसके व उसके भाई के साथ मारपीट करते हुए पानी पताशे सहित उसका ठेला पलट दिया। उसके बाद भी युवक नहीं माने और उन्होंने यह कहा कि नहीं तू पाकिस्तानी है। यह कहते हुए युवकों ने पताशे वाले युवक के साथ मारपीट की। बताया जाता है कि घटना से एक दिन पहले शुक्रवार को भी पानी पताशे वालों व उक्त युवकों के बीच गाली गलौच हुई थी। उक्त मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर मामले की जांच कर रही है।



## जिलाधिकारी ने पालिका के टेंडरों में लगी फर्जी एफ.डी.आर. की सूची तलब की

### नायब तहसीलदार को दिये एफडीआर की सूची तैयार कर देने के आदेश

**मुजफ्फरनगर, 29 सितंबर (बु.)।** नगर पालिका में फर्जी एफडीआर पर टेंडर जारी किए जाने के मामले की जांच शुरू होने के बाद पालिका ने 85 टेंडर निरस्त कर उन्हें ब्लैक लिस्ट करने के आदेश तो जारी किए गए थे। सात दिन में जांच पूरी करने के आदेश हवा में रह गए और एक माह से अधिक समय होने के बावजूद जांच रिपोर्ट नहीं आई। अब नवागत जिलाधिकारी ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार को इस मामले से संबंधित एफडीआर की सूची बनाकर उन्हें देने को कहा है।

नगर पालिका में अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से ठेकेदार खेल करते रहे। वित्त वर्ष 2023 से राज्य वित्त, 15 वें वित्त आयोग और मुख्यमंत्री की सृजन योजना के तहत तारकोल की सड़क, आरसीसी नालियों और सड़क निर्माण के करोड़ों के टेंडरों में परफार्मेंस गारंटी और जमानत राशि के सापेक्ष एफडीआर में बड़ा खेल किया गया। लेकिन पोल खुली तो सारा सच सामने आ गया। इस मामले को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता और सभासद मौ खालिद ने नगर विकास विभाग को शिकायत की तो हड़कंप मच गया। जांच में आधा दर्जन ठेकेदारों ने टैंडर में जो एफडीआर लगाई वह फर्जी पाई गई। एफडीआर की जगह पुरानी एफडीआर की फोटो लगाकर काम चला लिया गया। इनमें कई फोटो कॉपी तो ऐसी हैं, जिन्हें पढ़ना भी मुश्किल हैं। ` कुछ ने ऐसा किया कि टैंडर खुलते समय ऑरिजनल लगा दी और फिर ऑरिजनल एफडीआर को हटाकर रंगीन फोटो स्टेट लगा दी गई, इसके बाद ऑरिजनल एफडीआर को दूसरे टैंडर में लगा दिया गया। इस प्रकार के मामले पकड़ में आने के बाद ऐसे 85 टैंडर निरस्त कर दिए गए, जिनमें फर्जी एफडीआर लगा दी गई थी। अब इस मामले को लेकर जांच में सबसे ज्यादा गड़बड़ी पालिका के निर्माण विभाग, जलकल व स्वास्थ्य विभाग में सामने आई। यहां सबसे मजेदार बात यह है कि इस पूरे प्रकरण की जांच कराने की बात आई, तो टीएस को ही जांच अधिकारी बना दिया गया, जिसकी इस मामले में संलिप्तता थी। हालांकि मामले की शिकायत हुई तो पूर्व जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को मामले की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट तलब की थी। हालांकि एक माह से अधिक समय से यह रिपोर्ट लटकी हुई है। इस गड़बड़ी के चलते लंबे समय तक यह विकास कार्य रुके रहे। पालिका ने दोबारा से इन कार्यों के टेंडर आमंत्रित किए। दोषी पाए गए ठेकेदारों को बस इतनी सजा मिली कि उन्हें इन विवादित टेंडरों में भाग लेने का मौका नहीं मिला। हालांकि अन्य टेंडरों में उनके भाग लेने पर कोई बाधा नहीं है। खालिद ने मौजूदा डीएम से मामले की शिकायत की तो डीएम ने एक नायब तहसीलदार को निविदाओं में लगाई गई एफडीआर की नंबर सहित सूची देने को कहा। अब देखना है कि जो जांच एसडीएम नहीं कर पाईं, उसमें नायब तहसीलदार कितना कामयाब हो पाते हैं।

## यात्री की ट्रेन में ही मौत

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** छत्तीसगढ़ के बिलाईगढ़ के गुड़ीपारा निवासी 40 वर्षीय पुनिराम अपने परिवार के साथ अमृतसर जा रहे थे। उनके साथ उसका भाई सोनाराम व बेटे अजय भी साथ थे। कोरबा एक्सप्रेस से अमृतसर जा रहा परिवार जब ट्रेन से खतौली से थोड़ा आगे पहुंचे तो पुनिराम के सीने में दर्द उठा। इसकी सूचना उन्होंने टीटीई को दी तभी उन्होंने ट्रेन रुकवाकर उक्त तीनों को मुजफ्फरनगर आरपीएफ थाने भेज दिया जहां से एम्बूलेंस की मदद से परिवार के लोग पुनिराम को जिला चिकित्सालय ले आए, जहां डॉक्टरों ने पुनिराम को मृत घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि पुनिराम की गाड़ी में ही मौत हो गयी थी।

## छेड़छाड़ का आरोप लगाया

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के गांव की एक युवती ने एक युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए परिजनों ने बताया कि जिस समय उनकी बेटी घर में अकेली थी, तो पड़ौस का ही एक युवक घर में घुस आया और युवती से छेड़छाड़ करने लगा। इस पर युवती ने शोर मचा दिया। जब आसपास के लोग वहां इकट्ठा हो गए तो आरोपी धमकी देता हुआ फरार हो गया।

## दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता की हत्या

### ▶ मृतका के भाई में पति जेठ-जेठानी व देवरों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया, दो वर्ष पूर्व हुई थी शादी

**मीरापुर, 29 सितम्बर (बु.)।** गांव भूम्मा में एक विवाहिता युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतका विवाहिता के परिजनों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नही होने पर ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति, जेठ-जेठानी व देवरों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया।

चरथावल थाना क्षेत्र के गांव दधेडू कलां निवासी ज्योति पुत्री उघल की शादी करीब दो वर्ष पूर्व 26 जौलाई 2022 को मीरापुर थाना क्षेत्र के गांव भूम्मा निवासी अनिकेत पुत्र रामफल के साथ हुई थी। शनिवार की देर शाम ज्योति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी, किन्तु आरोप है कि उसके ससुराल वालों ने इसकी सूचना मृतका के मायके वालों को नहीं दी। देर रात्रि एक व्यक्ति ने मृतका के भाई अर्जुन व पुलिस को ज्योति की मौत की सूचना दी। जिसके बाद मृतका के दर्जनों परिजन भूम्मा पहुँच गए और ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ज्योति की हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इंस्पेक्टर दिनेश चन्द्र व इंस्पेक्टर क्राइम सुनील कुमार मिश्रा ने मृतका के परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया तथा मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। रविवार की सुबह मृतका के पिता उघल, भाई अर्जुन के साथ दर्जनों लोग थाने पहुँचे और मृतका ज्योति के भाई अर्जुन की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पति अनिकेत, जेठ अनिल, जेठानी नीलम, देवर आकाश व जोनी पुत्रगण रामफल के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया।

थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र ने कहा कि देर रात्रि भुम्मा में विवाहिता की मौत की सूचना मिली थी रात्रि में ही मौके पर पहुँचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया था- मृतका के पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।







### दो माह पूर्व मृतका ने दिया था बच्ची को जन्म

**मीरापुर।** मृतका के भाई अर्जुन ने बताया कि उसकी बहन ने करीब दो माह पूर्व एक बच्ची को जन्म दिया था, किन्तु कुछ समय बाद ही उस बच्ची की मौत हो गयी थी। आरोप है कि उसके बाद से ससुराल वाले उसकी बहन को और अधिक परेशान करने लगे थे।

### 3 दिन से परिजन मृतका से बात करने का कर रहे थे प्रयास

**मीरापुर।** मृतका के भाई अर्जुन ने बताया कि आरोपियों ने उसकी बहन का फोन तक छीन लिया था। आरोप है कि परिजन पिछले तीन दिन से ज्योति से बात करने का प्रयास कर रहें थे, किंतु उसके पति व अन्य ससुराल वालों ने उसकी बात उनसे नही कराई।



## पूर्वी हवाओं से मौसम में ठंडक

**मुजफ्फरनगर, 29 सितंबर (बु.)।** बादलों के बावजूद मौसम में आज फिर गर्माहट लौटी और पारा बढ़कर फिर अधिकतम 33.0 और न्यूनतम 22.0 डिग्री पर दर्ज की गई। हालांकि हवाओं में ठंडक का दौर जारी है। पहाड़ों की बारिश के चलते हवाओं में हल्की ठंडक शाम से सुबह तक आ रही है। मौसम विभाग का कहना है कि ये ठंडी हवाएं मौसम में सर्दी की आहट नहीं, इससे धोखा मत खाइए, अभी मौसम फिर पलट सकता है। हालांकि अक्टूबर के पहले पखवाड़े में मौसम अनुकूल होने की पूरी उम्मीद है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के बावजूद शहर में बादल तो रोज आ रहे हैं, लेकिन बारिश नहीं हुई है। हालांकि पहाड़ों की बारिश के बाद हवाओं में थोड़ी ठंडक का अहसास होने लगा है। आज बादल कुछ कम रहे तो कड़क धूप के चलते मौसम में थोड़ी गर्माहट के साथ तापमान दो डिग्री बढ़कर अधिकतम 33.0 पर आ गया। बीती रात न्यूनतम तापमान 22.0 डिग्री रहने से मौसम में थोडी ठंडक बढ़ी। पूर्वी हवाओं की नमी के कारण ठंडक बनी हुई है। हालांकि, मानसून की मुख्य धारा दिल्ली से काफी दूर है और दिल्ली बाहरी सीमाओं पर ही है, जिससे मौसम गतिविधि सीमित रहेगी।

### अभी थोड़ी गर्माहट बाकी, जल्द और बढ़ने वाला है ठंड का दौर




यह मौसम प्रणाली पूर्व की ओर बढ़ेगी और 29 सितंबर से दिल्ली में मानसून गतिविधियां (बारिश) समाप्त हो जाएंगी। दक्षिण पश्चिम मानसून अगले सप्ताह किसी समय वापसी की तैयारी करेगा। बारिश और बादल न होने से अच्छी धूप निकलेगी, जिससे अगले सप्ताह तापमान बढ़कर 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। लगभग अगले 10 दिनों तक दिन गर्म बने रहेंगे, इसके बाद शरद ऋतु की ठंडक धीरे-धीरे शुरू होगी। अक्टूबर के मध्य से रातें हल्की ठंडक के साथ शुरू होंगी। व्यावहारिक रूप से, दिल्ली के लिए मानसूनी बारिश खत्म हो गई है। बता दें, सितंबर का महीना संतोषजनक बारिश के साथ समाप्त होगा।

## 177 निजी अस्पतालों को पालिका ने भेजा नोटिस

### ▶ निजी अस्पतालों से पालिका वसूलेगी व्यवसायिक लाइसेंस का दस साल का बकाया शुल्क

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** नगरपालिका अपनी आय बढ़ाने के साथ राजस्व से शहरी विकास को पंख लगाने की पवित्र मंशा के साथ आगे बढ़ रही है। इस दिशा में जिन क्षेत्रों में पालिका का टैक्स विभाग अभी तक टैक्स नहीं वसूल पाया है, ऐसे प्रतिष्ठानों को चिन्हित करते हुए राजस्व बढ़ोतरी के रास्ते खोले हैं। मौजूदा वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा राजस्व प्राप्त करने के लिए पालिका ने इसके लिए शहरी क्षेत्र के 177 निजी अस्पतालों को व्यवसायिक लाइसेंस बनवाने के लिए टैक्स विभाग ने नोटिस जारी करते हुए 15 दिन का समय दिया है। इन अस्पतालों से पालिका से लाइसेंस शुल्क के रूप में 10 वर्षो का बकाया वसूलेगा।

पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की पहल पर पालिका की आय बढ़ोतरी की दिशा में आगे बढ़ी टैक्स विभाग टीम ने शहरी क्षेत्र के इन निजी अस्पतालों को व्यवसायिक लाइसेंस बनवाने के लिए नोटिस जारी किया है। शहर में 177 निजी अस्पतालों की सूची बनाकर इनको 15 दिनों में अपना अपना व्यवसायिक लाइसेंस बनाने के लिए कहा है। हालांकि इसको लेकर कुछ निजी अस्पतालों की ओर से पिछ्ले वर्षो का बकाया मांगे जाने पर ऐतराज जताते हुए गलत बताया जा रहा है, जबकि अधिकांश अस्पतालों ने बकाया जमा कराने को समय मांगा है। टैक्स विभाग ने प्रति वर्ष लाइसेंस फीस 2000 रुपये की दर से तय की है। इन 177 निजी अस्पतालों से पालिका यदि यह 10 वर्ष की बकाया लाइसेंस शुल्क वसूलने में सफल रही तो पालिका को 35.40 लाख रुपये की अतिरिक्त आय होगी।

कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव ने बताया कि शहरी क्षेत्र में निजी अस्पतालों, आबकारी विभाग की देशी विदेशी मदिरा, बियर व भांग की दुकानों और बड़े शॉपिंग कॉम्प्लैक्स व शोरूम, होटल, रेस्टोरेंट और बैंकट हाल के व्यवसायिक वार्षिक लाइसेंस बनवाने की कार्यवाही शुरू की है। इसके लिए सीएमओ व जिला आबकारी अधिकारी से दुकानों व अस्पतालों की सूची मांगी थी। इसमें सीएमओ कार्यालय से शहरी क्षेत्र में 177 निजी अस्पतालों के संचालन की सूची प्राप्त हुई है। इन्हें नोटिस जारी करते हुए वर्ष 2014 से वार्षिक लाइसेंस बनवाने को कहते हुए दस सालों की लाइसेंस बकाया फीस जमा करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1998 में निकायों में व्यवसायिक लाइसेंस बनवाने के लिए शासनादेश जारी किया था, जिसमें अस्पतालों को भी शामिल किया गया। इसके बाद आईएमए ने इस आदेश के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। इस पर वर्ष 2002 में कोर्ट ने स्टे जारी कर दिया। यह स्टे वर्ष 2014 तक जारी रहा था। इसके बाद आईएमए कोर्ट में हार गई और शासनादेश के पक्ष में आदेश आने पर साल 2014 से ही इसको लागू माना गया था। कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव ने बताया कि निजी अस्पतालों के बाद शहरी क्षेत्र में चल रही शराब और बियर की दुकानों तथा बड़े शोरूम आदि को व्यवसायिक वार्षिक लाइसेंस बनवाने के लिए नोटिस भेजने की तैयारी है।

## सुविधा शुल्क लेने की आरोपी नर्सों से मांगा स्पष्टीकरण

### मेडिकल वार्ड से हटाकर अब भेजा सर्जिकल वार्ड ▶ तीन सदस्यीय टीम की जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** जिला अस्पताल एक बार फिर रिश्वत और मरीजों से इलाज के नाम पर होने वाले सुविधा शुल्क को लेकर चर्चाओं में हैं। बीते दिनों राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के निरीक्षण के बीच दो नसों पर लगे सुविधा शुल्क आरोप के बाद अस्पताल प्रशासन ने उन्हें मेडिकल वार्ड से ही हटा दिया है। मामले की जांच के लिए 3 चिकित्सकों की समिति गठित की गई है। यह समिति एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट अधिकारियों को देगी, जिसके बाद आरोपी नसों पर कार्रवाई तय होगी।

नगर क्षेत्र के मौ. उत्तरी रामपुरी निवासी एक परिवार की बीते दिनों दाल चावल खाने के बाद तबीयत बिगड़ गई थी, जिसमें एक बच्ची की मौत भी हो गई थी। अस्पताल में पीड़ित परिवार के मरीजों को देखने के लिए जब राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल जिला अस्पताल में पहुंचे थे। उस वक्त उन्होंने अन्य मरीजों से बात की थी। कुछ मरीजों ने अस्पताल के स्टाफ पर इलाज के नाम पर 300 रुपए सुविधा शुल्क के रूप में लेने का आरोप लगाया था। इसमें मुख्य रूप से इंचार्ज नर्स प्रीति और सविता आर्या का नाम खुलकर सामने आया था कि वह वार्ड में भर्ती मरीजों से वसूली कराती हैं और सुविधा शुल्क मिल जाने के बाद भर्ती मरीज को दवा आदि सुविधाएं देती है। राज्यमंत्री ने सीएमएस और चिकित्सकों पर इस अव्यवस्था को लेकर कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए थे। फजीहत के बाद में सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने दोनों नर्स से स्पष्टीकरण तलब किए जाने के साथ उन्हें मेडिकल वार्ड से हटाकर अब सर्जरी वार्ड में तैनात किया है। वहीं मामले की जांच के लिए 3 चिकित्सकों की जांच समिति गठित की गई। गठित जांच समिति में चिकित्सक डॉ. संजीव गुप्ता, मैटर्न अखिलेश त्यागी और डॉ. अशोक कुमार को शामिल करते हुए एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## साइबर हेल्प डेस्क ने दो लाख दिलाए वापस

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** नई मण्डी के मौहल्ला महालक्ष्मी एन्क्लेव निवासी अनिल गुप्ता के साथ साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी करके खाते से दो लाख तीस हजार रुपये निकाल लिये थे, जिसकी रिपोर्ट अनिल गुप्ता ने साइबर हेल्प डेस्क में दर्ज कराई थी। उक्त मामले में साइबर हेल्प डेस्क ने मदद करते हुए पूरे मामले की जांच के बाद दो लाख रुपये वापस करा दिये। बाकी के तीस हजार रुपये भी जल्द वापस कराने का आश्वासन डेस्क द्वारा दिया गया।

# आधुनिकता की अंधी दौड़ में नन्हें बच्चों व युवाओं का यही हाल रहा तो उम्र से पहले ही आंख और कान खो बैठेगी नई पीढ़ी : डॉक्टर






**युवा पंजाबी संगठन के कार्यक्रम में बुलेटिन सम्पादक ने डॉक्टर्स से पूछे सवाल**

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** युवा पंजाबी संगठन के कार्यक्रम में आधा दर्जन से अधिक डॉक्टरों ने दी नि:शुल्क सेवा। रविवार को पचैंडा रोड स्थित शहीद भगत सिंह हॉल में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 700 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया, जिसमें नगर के वरिष्ठ डॉक्टरों नेत्र चिकित्सक डॉ. सुधीर लूथरा, आंख, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. विभोर जैन, न्यूरो सर्जन कर्ण मारवाह, हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. अनिल कक्कड व डेण्टल सर्जन डॉ. जतिन ढींगरा ने अपनी अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर अतिथि के रूप में मीनाक्षी स्वरूप कार्यक्रम में मौजूद रही। बुलेटिन सम्पादक ने युवा पीढ़ी और नन्हें बच्चों के लिए डॉ. सुधीर लूथरा व डॉ. विभोर जैन से जानकारी हासिल करते हुए पूछा कि जिस तरह से आज का दौर चल रहा है, ऐसे में युवा व बच्चों का आने वाले समय में क्या हाल होगा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर लूथरा ने बताया कि जिस तरह आजकल मम्मियां बच्चों को दूध पिलाने, खाना खिलाने के लिए उन्हें मोबाइल में कार्टून नेटवर्क खोलकर दे रही हैं व युवा पीढ़ी लगातार तीन तीन घंटे बिना पलकें बंद किए मोबाइल देख रही हैं, ऐसे में 15 वर्ष के बच्चे के ऑपरेशन करने पड़ेंगे और युवा पीढ़ी की रोशनी 30-35 वर्ष की आयु में ही धुंधली हो जाएगी और सम्भवतः चश्मों के लेंस भी अपना असर खो देंगे। अब ऐसे में युवा पीढ़ी माने या न माने मगर शोध यही कहते हैं कि जिस तरह से तीन साल के बच्चे में मोबाइल की लत डाली जा रही है, ऐसे में उसकी आंखे युवा रहने वाली नहीं हैं। इसी तरह का सवाल बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा ईएनटी सर्जन डॉ. विभोर जैन से किया गया कि आज की युवा पीढ़ी अपने को स्टाईलिश दिखाने के लिए इयर फोन व इयर बर्ड का इस्तेमाल कर रहा है, इससे कानों के पर्दों पर क्या फर्क पड़ेगा, ऐसे में डॉ. विभोर जैन ने साफ साफ कहा कि लगातार इयर बड्र्स लगाने वाले युवाओं के कान 35 वर्ष की आयु तक सुनना बंद कर देंगे। एक ओर जहां युवा कानों में मशीन लगाना पसंद नहीं करते थे आज वे युवा इयर बड्र्स के नाम पर कानों में मशीने लगाकर घूम रहे हैं। इससे भी गंभीर बात उन्होंने यह बताई कि युवाओं को मोबाइल पर गाने सुनते समय यह पता ही नहीं लगता कि उन्होंने वॉल्यूम कितनी कर रखी है। शुरू में वह धीमी वॉल्यूम में गाने सुनते हैं, बाद में उन्हें तेज आवाज की आदत कब पड़ जाती है, पता ही नहीं चलता। ऐसे में किसी के कान से मवाद रिसने लगती है तो किसी के कानों में दर्द होने लगता है। पिछले कुछ वर्षों में इन बीमारियों में युवाओं में इजाफा हुआ है। यही हाल रहा तो जल्दी ही युवा पीढी सुनने की शक्ति खो देगी। युवा पंजाबी संगठन के बीसवें नि:शुलक कैम्प के कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में सुखदर्शन सिंह बेदी भी मौजूद रहे। इसके अलावा कमैटी के चेयरमैन नीरज मुंजाल, अध्यक्ष संजय वधावन, सचिव शैलेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रशान्त मक्कड, संस्थापक सदस्य अनिल कुमार, जुगल खत्री सिंधी मेडिकल, राजेन्द्र अरोरा, कुलदीप, कपिश तथा अन्य सदस्यों ने मिल जुलकर व्यवस्था की। प्रोजेक्ट चेयरमैन गगन दीप सिंह, संजय कपूर, चन्नी बेदी ने सराहनीय कार्य किया।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर स्कूटी को रौंदा, तीन दोस्तों की मौत

**गाजियाबाद, 29 सितंबर (एजेंसी)।** दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर हवा हवाई रेस्टोरेंट के सामने तड़के करीब तीन बजे स्कूटी सवार तीन युवकों को तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान बिट्टू उर्फ वर्मा (21) पुत्र संतोष निवासी बी -32/ 414 त्रिलोकपुरी, दिल्ली, अंशु उर्फ मनमोहन (30) पुत्र प्रदीप सिंह निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली, विपिन भट्ट(25) पुत्र लक्ष्मी प्रसाद भट्ट निवासी डी 161 न्यू अशोक नगर, दिल्ली के रूप में हुई है।

## पुष्पक एक्सप्रेस के आगे ट्रैक पर मिला अग्निशमन सिलेंडर

**कानपुर, 29 सितंबर (एजेंसी)।** मुंबई से लखनऊ जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के रूट पर रविवार तड़के फायर एक्सटिंग्विशर सिलेंडर मिला है। लोको पायलट ने रेलवे अधिकारियों को सूचना दी, जिसके बाद मामले की जांच शुरू हो गई है। यह घटना गोविंदपुरीझभीमसेन रेलवे लाइन पर रविवार की सुबह करीब चार बजे हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और खुफिया सक्रिय हो गई है। इससे पूर्व इसी रूट पर 16 अगस्त की रात को भीमसेन स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस बोल्डर से टकरा कर पटरी से उतर गई थी, जबकि आठ सितंबर को कानपुर कासगंज रूट पर कालिंदी एक्सप्रेस के आगे भरा हुआ एलपीजी सिलेंडर रखा गया था। यहां पर ट्रैक के किनारे पेट्रोल और बारूद भी मिला था।

## हैवान बाप और रिश्तेदार ने मासूम के साथ किया दुष्कर्म

**मेरठ, 29 सितंबर (एजेंसी)।** मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र के एक गांव में पिता ने ही खून के रिश्ते को कलंकित कर दिया। पिछले आठ माह तक एक किशोरी अपने पिता की हवस का शिकार होती रही। इससे निजात पाने के लिए पीड़ित किशोरी ने मामले की जानकारी अपने एक रिश्तेदार युवक को बताई। लेकिन इसके बाद भी किशोरी को यौन शोषण का शिकार होना पड़ा। वहीं, आरोपी रिश्तेदार भी घटना को सार्वजनिक करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा। बता दें कि तीन दिन पहले किशोरी अपने भाई को लेकर पिता की हैवानियत से बचने के लिए रिश्तेदार युवक के साथ चली गई थी। जिसमें किशोरी के पिता ने दोनों बच्चों के अपहरण का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने जब दोनों को सकुशल बरामद कर पूछताछ की तो सनसनीखेज मामला सामने आया। फिलहाल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

## आज बंद रहेगी जानसठ रोड से जुड़े मौहल्लों की आपूर्ति

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** जानसठ रोड स्थित 33/11 केवी उपकेंद्र की 33 केवी लाइन में आज बिजनेस प्लॉन के अंतर्गत 33 केवी केबल की इस बीच मरम्मत का कार्य किए जाने के कारण जानसठ रोड बिजली घर के सभी 11 केवी फीडर बंद रहेंगे। विद्युत विभाग के अफसरों के अनुसार इसके चलते सोमवार को जानसठ क्षेत्र के उक्त फीडर से जुड़े द्वारका सिटी, एटूजेड कॉलोनी, गुलशन विहार, पारस इनक्लेव, वसुंधरा रेजीडेंसी के अलावा मीनाक्षी पुरम, महालक्ष्मी इनक्लेव और अलमासपुर आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर के 12:15 बजे तक बाधित रहेगी।

## कुकर्म व पोक्सो की धारा में मुकदमा दर्ज

**पुरकाजी, 29 सितम्बर (बु.)।** पुलिस ने एक सात वर्षीय बच्चे के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म व पोक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुरकाजी खाईखेड़ी मार्ग पर स्थित फार्म में श्रीमद भागवत कथा चल रही है। कथा स्थल के बाहर सड़क पर मुस्लिम समाज के एक युवक ने जंपिंग झूला लगा रखा है। शनिवार को कस्बा निवासी हिंदू समाज का एक सात वर्षीय बालक जंपिंग झूला झूलने आया था। जंपिंग झूला संचालक ने बालक को बहला फुसलाकर पास के ही जंगल में ले जाकर बालक के साथ कुकर्म किया। बालक द्वारा घटना की जानकारी घर जाकर परिजनों को दी, जिस पर परिजन दर्जनों लोगों के साथ थाने पहुंचे और घटना के सम्बंध में पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बालक का डॉक्टरी परीक्षण कराकर आरोपी कस्बे की बंगला बस्ती निवासी तासिन के विरुद्ध कुकर्म व पोक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश में कई जगहों पर दबिश दी। मगर वह हाथ नहीं आया।

## ग्राम प्रधान पति की सूझबूझ से दो गुटों के बीच टकराव होने से बचा

**पुरकाजी, 29 सितम्बर (बु.)।** क्षेत्र के गांव भैसानी में ग्राम प्रधान पति की सूझ बूझ से युवकों के दो गुटों में टकराव होने से बच गया। टकराव हो जाने की स्थिति में बड़ी घटना होने से बच गई। पुलिस ने मौके पर मिले पांच युवकों को गिरफ्तार कर उनका शांति भंग में चालान किया है। शनिवार को उत्तराखंड निवासी बाइक सवार करीब दो दर्जन युवक हाथ में लाठी डंडे व सरिए और अन्य कुछ हथियार लेकर गांव भैसानी में पहुंचे, जिसकी भनक लगने पर गांव भैसानी के कुछ युवकों ने भी इकट्ठा होना शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी किसी ग्रामीण ने ग्राम प्रधान पति को दी। जिस पर ग्राम प्रधान पति नवीन त्यागी ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिस पर पुरकाजी एसओ जयवीर सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस युवकों का पीछा कर पांच युवक को पकड़कर थाने ले आई। जहाँ पर पुलिस ने युवक से इकट्ठा होने के बारे में पूछताछ की। पुलिस ने रविवार को उत्तराखंड कोतवाली मंगलौर के गांव नारसन कलां निवासी रवि व गांव शिकारपुर निवासी सावेज और वेस्ट बंगाल के गांव मालदा हाल निवासी गांव सावटी भट्टा कोतवाली मंगलौर व पुरकाजी थाने के गांव भैसानी निवासी अनुज व प्रिंस का शांति भंग में चालान कर दिया। पुलिस का कहना है कि अपना अपना वर्चस्व दिखाने के लिए युवक इकट्ठा हुए थे। इसके अलावा पुलिस ने मकान के बंटवारे को लेकर झगड़ा कर रहे पुरकाजी थाने के गांव कल्लनपुर निवासी दो सगे भाइयों भोला व पंकज का शांति भंग में चालान कर दिया।

## मुजफ्फरनगर से मसूरी घूमने आए युवाओं को छूकर निकल गई मौत

- हाथी पांव के पास कार खाई में गिरी तो चीख पुकार मची
- मौसम खराब होने के कारण हुआ हादसा, चालक गंभीर

**मसूरी, 29 सितंबर (एजेंसी)।** मसूरी में देर रात सड़क हादसे में मुजफ्फरनगर से आए युवकों की जान उस समय बाल बाल बच गई जब उनकी कार हाथीपांव के पास खाई में गिर गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। कार के खाई में गिरने से उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुजफ्फरनगर निवासी आकाश, अमन, शशांक व करण शनिवार शाम मसूरी घूमने आए थे। देर रात हाथीपांव रोड पर अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। वहां से गुजर रहे लोग कार को खाई में गिरता देख हक्केबक्के रह गए। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद थाना मोबाइल व फायर सर्विस तुरंत मौके पर गई। टीम ने चारों को युवकों को खाई से निकाल लिया। उन्हें हल्की चोट आई थी। हादसे में कार का ड्राइवर साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से दून अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि मौसम खराब होने के कारण उनकी कार खाई में गिरी।

## फर्रुखाबाद में तीस अवैध मकानों पर चला बुलडोजर

**फर्रुखाबाद, 29 सितंबर (एजेंसी)।** योगी बाबा का बुलडोजर गरजा तो जिले में ग्राम पंचायत की 30 बीघा बंजर जमीन पर करीब 30 से अधिक लोगों ने कब्जा कर बनाए गए मकान ध्वस्त कर दिए गए। यह सभी यादव परिवार हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर इस कार्रवाई को प्रतिशोध से भरी भाजपाई राजनीति का वीभत्स चेहरा बताया। जिले के कासखंड मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत उखरा में करीब 80 बीघा बंजर जमीन थी। उसी जमीन को शासन ने गांव में बना रहे बिजली केंद्र के लिए आवंटित किया गया। अलॉट किए जमीन में से करीब 30 बीघा जमीन पर गांव के ही 30 से अधिक लोगों ने कब्जा कर पक्के मकान बना लिए। जमीन को जिला प्रशासन की ओर से खाली करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन ग्रामीण जमीन खाली करने के लिए तैयार नहीं हुए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एसडीम सदर, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक लेखपाल सहित राजस्व कर्मी नवाबगंज, शमशाबाद, मोहम्मदाबाद थाना के पुलिस बल के साथ पहुंचे और बुलडोजर से अवैध तरीके से बनाए गए मकान को गिरा दिया गया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे प्रतिशोध से भरी भाजपाई राजनीति का वीभत्स चेहरा बताया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा बसे बसाए घरों को गिराकर सुख पाती है।

## 29 साल से फरार दस हजार की इनामिया महिला को दबोचा

**खतौली, 29 सितम्बर (बु.)।** अपराधियों पर अंकुश लगाने में निरन्तर सफल साबित हो रही कोतवाली पुलिस ने विगत 29 वर्षों से अभियोग में नामित दस हजार के ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार सीओ रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा के निर्देशन में पुलिस का इकबाल बुलन्द करते हुए अपराधियों को उनकी सही ठिकाने लगाने में सफल हो रही है। कोतवाली पुलिस के कस्बा चौकी प्रभारी विक्रान्त कर्दम व पुलिस टीम ने विगत 29 वर्ष पूर्व एक अभियोग में नामित तथा न्यायालय से घोषित मफसर व दस हजार रूपये की ईनामी अभियुक्ता वारिशा पत्नी रहीसू निवासी फकीरों वाली मस्जिद कस्बा बड़ौत जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार गत 29 वर्ष पूर्व सन 1995 में खतौली कोतवाली में वारिशा के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत हुआ था, जिसमें न्यायालय से उसे जमानत मिल गयी थी। उसके पश्चात से वह अभियोग के सम्बन्ध में न्यायालय में पेश नहीं हुई तथा फरार बनी हुई थी, जिसको लेकर न्यायालय द्वारा उसे फरार घोषित कर दिया गया था। अभियुक्ता की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दस हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था।

## जेवरात चोरी मामले में पिता-पुत्र को क्लीन चिट

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** दुकान से जेवरात चोरी के मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए पिता-पुत्र को क्लीन चिट दे दी है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि मामला चोरी का नहीं बल्कि पैसों के लेनदेन का था। पुलिस ने इसी आधार पर मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी है। जल्द ही फाइनल रिपोर्ट को कोर्ट में दाखिल कर दिया जाएगा। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला नवाबगंजपूर्वी सर्राफ शुभम जैन ने बताया था कि अपने पिता मनोज जैन व भाई तन्मय जैन के साथ साझेदारी की फर्म जैन आभूषण चलाते है। आरोप था कि फर्म से अर्पित वर्मा निवासी चौड़ी गली नईमंडी जेवरात खरीदता था। आरोप था कि 28 अगस्त दुकान से सोने के जेवरात चोरी कर लिए थे। पुलिस ने सर्राफ की तहरीर पर अर्पित वर्मा व उसके पिता के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में विवेचना करते हुए पिता पुत्र को क्लीन चिट देते हुए फाइनल रिपोर्ट लगा दी है। थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि चोरी के मामले में एफ आर लगा दी गयी है। जांच में मामला लेनदेन का निकाला था, वहीं वादी पक्ष की तरफ से दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रार्थना-पत्र दिया गया था। फाइनल रिपोर्ट को कोर्ट में जल्द दाखिल कर दिया जाएगा।

> सर्राफ ने पिता-पुत्र पर दुकान से जेवरात चोरी का आरोप लगाते हुए कराई थी रिपोर्ट दर्ज
> पुलिस की जांच में मामला लेनदेन का निकला, लगाई फाइनल रिपोर्ट

## दबंग ने दी फोन पर जान से मारने की धमकी

**बुढ़ाना, 29 सितम्बर (बु.)।** एक दबंग युवक ने अकारण ही एक संभ्रांत व्यक्ति को फोन पर हत्या करने की धमकी दी है। पीड़ित ने बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर देते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार रविन्द्र कुमार राठी पुत्र स्वर्गीय बलजोर सिंह राठी निवासी पीएनबी बैंक के सामने बुढाना ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि नई तहसील के पीछे वीर कालौनी में उसका प्लाट है। उक्त कालौनी में शलेन्द्र पुत्र सोहनवीर निवासी गांव कुडाना जनपद शामली कमीशन पर प्लाट विक्रय करता है। बीती 25 सितम्बर को देर रात लगभग 09 बजे के आसपास उसके मोबाईल पर शलेन्द्र के मोबाईल नम्बर 9896928998 से एक कॉल आयी। जिसमें शलेंद्र के द्वारा अकारण ही उसके साथ गाली गलौच की गयी और ये भी कहा गया कि यदि तू अपने प्लाट पर दिखाई दिया तो जान से मार दूंगा। पीड़ित रविंद्र राठी के अनुसार आरोपी शलेंद्र अपराधिक किस्म का व्यक्ति है और वो किसी भी समय उसके साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित कर सकता है। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा और आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उधर दूसरी और बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर अब आरोपी शलेंद्र की तलाश शुरू कर दी है।

## जमैका के पीएम 4 दिवसीय दौरे पर कल भारत आएंगे

**नई दिल्ली, 29 सितंबर (एजेंसी)।** जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस सोमवार से भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। उनका यह दौरा दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करेगा। जमैका के किसी प्रधानमंत्री की यह पहली आधिकारिक द्विपक्षीय भारत यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय (एमईए) के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके समकक्ष होलनेस ने पहले कई बार बहुपक्षीय बैठकों के दौरान मुलाकात की है। उनकी इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधो को बढ़ावा मिलने, आर्थिक सहयोग मजबूत होने और जमैका व भारत के बीच पुराने रिश्ते मजबूत होने की उम्मीद है।

## चॉकलेट के बहाने बालिका को ले गया युवक और की दरिंदगी

**बिजनौर, 29 सितंबर (एजेंसी)।** धामपुर में 10 वर्षीय बच्ची के साथ मोहल्ले के ही युवक ने दुष्कर्म किया और फरार हो गया। पीड़िता के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर के एक मुहल्ले के व्यक्ति ने बताया कि 26 सितंबर की शाम को करीब सात बजे उसकी 10 साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान मुहल्ले का युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया। उसकी बेटी के साथ उसने दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बालिका अपने घर पहुंची और रोते हुए सारी बात बताई। सीओ सर्वम सिंह का कहना है कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। देर शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## मंच पर भाषण देते हुए बेहोश हुए खरगे, ठीक होने पर कहा-मोदी के हटने तक नहीं मरूंगा

**जम्मू, 29 सितंबर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कठुआ में एक जनसभा को संबोधित करते समय मंच पर अचानक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तबीयत खराब हो गई।



जसरोटा में जनसभा को संबोधित करते हुए अचानक मंच पर तबीयत बिगड़ गई। मंच पर भाषण देते समय कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को चक्कर आए, वो बेहोश होने लगे। हालांकि समय रहते उनके सुरक्षाकर्मी और मंच पर मौजूद अन्य कांग्रेस नेताओं ने उन्हें संभाल लिया। उन्हें पानी पिलाया। इस दौरान कुछ समय के लिए भाषण रोक दिया गया। हालांकि कुछ देर बाद फिर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि "हम राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ेंगे। मैं 83 साल का हूं, मैं इतनी जल्दी नहीं मरने वाला हूं। मैं तब तक जिंदा रहूंगा जब तक पीएम मोदी सत्ता से बाहर नहीं हो जाते। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि ये लोग (केंद्र सरकार) कभी चुनाव नहीं कराना चाहते थे। अगर वे चाहते तो एक-दो साल में ही चुनाव करा लेते...सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वो चुनाव के लिए तैयार हो गए। पीएम मोदी ने उनके जल्द ही स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# एसडीएम के आश्वासन पर महापंचायत खत्म

- धार्मिक स्थलों पर मांसाहारी दुकानें हटाने की मांग को लेकर पहुंचे थे यशवीर महाराज
- आठ दिन में कार्यवाही करने का उपजिलाधिकारी ने दिया आश्वासन

**शामली, 29 सितम्बर (बु.)।** जनपद शामली के थानाभवन कस्बे में योग साधना यशवीर आश्रम बघरा के महंत स्वामी यशवीर महाराज के नेतृत्व में चल रही हिन्दू महापंचायत समाप्त हो गई है। स्वामी यशवीर महाराज के आह्वान पर बुलाई गई हिन्दू महापंचायत में हजारों की संख्या में हिन्दू समाज के लोग जुटे। महापंचायत का मुख्य कारण शामली जनपद के थानाभवन में मंदिरों के पास 100 मीटर के दायरे में चल रहे मुसलमानों के मांस के होटल दुकान रेहड़े को बंद कराने को लेकर था। स्वामी यशवीर महाराज के अल्टीमेटम पर शामली पुलिस प्रशासन ने थानाभवन में 100मीटर की दूरी से मांस के होटल बंद करा दिये थे, लेकिन शामली के मुसलमान जनप्रतिनिधि ने थानाभवन में आकर मांस की बंद सभी दुनिया होटल खुलवा दिये थे। ये सीधा-सीधा हिन्दुओं की धार्मिक आस्था पर सीधा हमला है। आज महापंचायत में प्रशासनिक अधिकारियों ने आकर स्वामी यशवीर महाराज से एसडीएम शामली सीओ थानाभवन एसओ थानाभवन ने वार्ता की और ये भरी पंचायत में आश्वासन दिया। 8 दिन बाद



मंदिर के पास मांस चलाने वालों का लाईसेंस निरस्त होगा और 8 दिन तक मंदिर के 100 मीटर दायरे तक मुसलमानों की मांस की दुकान और होटल नहीं खुलेंगे। स्वामी यशवीर महाराज ने हिन्दू महापंचायत में स्पष्ट घोषणा करते हुए कहा कि यदि थानाभवन में मंदिरों के पास 8 दिन बाद स्थाई रूप से मुसलमानों के मांस के होटल दुकान बंद नहीं किये गये और यदि मुसलमानों ने मांस के होटल दुकान खोल दिये, तो थानाभवन में हिन्दुओं की निर्णायक महापंचायत होगी और थानाभवन में जितनी भी मांस की दुकान होटल हैं, सभी का घेराव किया जायेगा। स्वामी यशवीर महाराज ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया कि ये मंदिर के पास मुसलमानों की मांस की दुकान और होटल चलाने की समस्या पूरे उत्तर प्रदेश में है। नियम तो बना रखे हैं। 100 मीटर दायरे में कोई मांस की दुकान होटल नहीं चलेंगे, लेकिन ये नियम पूरे उत्तर प्रदेश में क्रियान्वित नहीं है। महानगर कस्बा व शहर में हर जगह मंदिरों के पास मुसलमानों ने मांस के होटल चला रखे हैं, इसलिए मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश में जहां भी सनातन धर्म के धार्मिक संस्थान है वहां से 100 मीटर के दायरे से मांस के होटल दुकान बंद कराये जायें। ब्रहाचारी मृगेन्द्र, शालू राणा ने महापंचायत को संबोधित किया और महापंचायत का संचालन भारत भूषण ने किया। प्रदीप पुण्डीर, दीपक चौधरी, अर्जुन गौतम, विशाल निर्वाल, शन्नि सिरोहा, प्रवीण चौहान, अर्जुन सिंह, कन्हैया सैनी, संजय कश्यप, राजेश सैनी, आशु सैनी, आकाश शर्मा, हिमांशु राणा, रूपेश त्यागी, विनय मित्तल आदि हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आदि हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में हिस्सा लिया।

# दक्षिणी कृष्णापुरी से हटेंगी अब हाईटेंशन विद्युत लाइन

**सभासद की शिकायत पर दिए मंत्री ने मुख्य अभियन्ता को निर्देश**

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** दक्षिणी कृष्णापुरी के वर्षो से परेशानी झेल रहे लोगों को मंत्री के दखल के बाद राहत की आस जगी है। यहां पर बरसों से लोगों में बस्ती के बीच से गुजरती रही 11 हजार केवी क्षमता की हाईटेंशन विद्युत लाइन दहशत का कारण बनी है। कई बार यह विद्युत लाइन हादसों का कारण बन चुकी है, जिसे शिफ्ट कराने की मांग स्थानीय लोग माननीयों व अधिकारियों से कर चुके हैं, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात ही रहा। अब दक्षिणी कृष्णापुरी क्षेत्र से पालिका के सभासद भाजपा नेता राजीव शर्मा ने मामले को नगर विधायक व सरकार के मंत्री कपिल देव के समक्ष रखा और मौ. दक्षिणी कृष्णापुरी में भूमिया खेड़ा से घनी आबादी के बीच से होकर गुजर रही 11 हजार केवी क्षमता की हाईटेंशन विद्युत लाइन सरकारी ट्यूबवैल तक जा रही है, इसे शिफ्ट कराने की मांग की थी। इसे लेकर मंत्री कपिल देव ने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता को पत्र



लिखते हुए मौ. दक्षिणी कृष्णापुरी में घनी आबादी में इस लाइन के नीचे मार्ग में जहारवीर गोगा म्हाडी होने व प्रतिवर्ष एक बड़ा मेला आयोजित होने व बड़ी संख्या में लोग यहां पर जुटने की जानकारी देते हुए विद्युत लाइन से यहां हादसे की आशंका व्यक्त की। मंत्री कपिल देव ने स्पष्ट किया कि दक्षिणी कृष्णापुरी में घनी आबादी के बीच से होकर गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन को सिटी फीडर से हटवाते हुए नया परिवर्तक लगाकर ट्यूबवैल तक कृष्णापुरी फीडर से लाइन स्थापित कराने के लिए कार्यवाही करें। सभासद राजीव शर्मा के प्रयासों से लोगों में हर्ष है और उम्मीद है कि जल्द इस लाइन को बदलने का काम शुरू होगा।

# संगीत सोम के बयानों पर और लगी धार, बोले अभी तो कम डांटा है

## काम नहीं करेंगे तो जूतों से पिटवाऊंगा

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम अपनी बेबाकी के लिए लगातार चर्चाओं में रहते हैं। कुछ दिनों से संगीत सोम का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने सहकारी समिति के चुनाव को लेकर एक एआर को जमकर हड़काया था। एआर कॉपरेटिव दीपक थरेजा को संगीत सोम ने फोन पर धमकाया था। धमकाते हुए संगीत सोम ने कहा कि पांच बजे के बाद किसी का पर्चा कैसे मंजूर होता है, यह मैं तुम्हें अभी समा दूंगा। ध्यान से सुन लिजीये मेरी बात, अगर जरा भी गड़बड़ की तो मैं ऑफिस से उठवाना भी जानता हूं, और मुसे एक्टिंग में बात करने की कोई जरूरत नहीं है। मिस्टर एआर अगर मैंने तीसरी आंख खोल ली तो क्या होगा। इन सब बातों के बाद आज रविवार को संगीत सोम मुरादाबाद में थे और मुरादाबाद में भाषण देते समय फिर अपने तीखे अंदाज में आ गये। उन्होंने कहा कि मैं डरने वालों में से नहीं हूं। पत्रकारों ने मुसे सवाल पूछा कि आपने एक अधिकारी को धमकाया है, तो मैंने जवाब दिया कि अगर कोई और नेता होता मुकर जाता और कहता कि मेरी आवाज ही नहीं है, लेकिन मैं कह रहा हूं कि मैंने ही धमकाया था और आगे की सुन लो, जो अधिकारी काम नहीं करेगा, अभी तो कम धमकाया है। पब्लिक में जूतों से पिटवा दूंगा। संगीत सोम की यह बात सुनकर सभी दंग रह गये और रैली के दौरान तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी। आपको



बता दें कि मुजफ्फरनगर के लोकसभा चुनाव में भी संगीत सोम पूरी चर्चाओं में रहे थे और बेबाक होकर उन्होंने मुजफ्फरनगर सीट से चुनाव लड़ रहे डॉ. संजीव बालियान के खिलाफ जमकर बयान दिये थे, जिसके बाद मुजफ्फरनगर चुनाव भाजपा हार गयी थी।

## लगता है संगीत की पीठ पर योगी जी का पूरा हाथ है

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** पूर्व विधायक होने के बावजूद व भाजपा में ही शामिल रहते हुए संगीत सोम के बेबाक बयान साफ जाहिर करते हैं कि हो ना हो संगीत सोम की पीठ पर बाबा का हाथ है। नहीं तो इतनी बेबाकी से ना अधिकारियों को कोई डांट सकता और ना सांसदी के चुनाव में संजीव बालियान के खिलाफ खुलकर मुखर हुआ जा सकता है। लगता है कि पूरी स्क्रिप्ट सीधा सरकार से ही लिखी जाती है। यूं तो भाजपा बड़ी ही अनुशासित पार्टी बताई जाती है, मगर इस अनुशासनहीनता का नजारा हाल ही के सांसदी के चुनाव में तब देखने को मिला था, जब स्वयं सीएम की रैली के चंद मिनटों बाद ही संगीत सोम ने बंद कमरे में नहीं बल्कि खुले मैदान में मीडिया के सामने संजीव बालियान को गुंडा तक बता दिया था, तभी अहसास हो गया था कि उत्तर प्रदेश में ठाकुरवाद की खिचड़ी जमकर पक रही है, नहीं तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इजाजत के बिना बोलने वालों का क्या हाल होता है, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। ऐसा ही कुछ नजारा रविवार को मुरादाबाद और उससे पहले चुनाव एआर को धमकाने का सामने आया है। एक ओर जहां योगी के नेता उनके आदेशों का पालन करते हुए थानों में कार्यकर्ताओं को छुड़वाने तक की हिम्मत नहीं रखते, वहीं पूर्व विधायक होते हुए भी संगीत सोम इतनी बेबाकी से अधिकारियों से कैसे बोल सकते हैं। स्वयं सीएम के आदेश वर्ष 2017 के चुनाव जीतते ही अधिकारियों को दिये गये थे कि उनके नेताओं की सिफारिशों पर ध्यान मत देना। ऐसे में संगीत का इतना दमदारी रखना साफ दर्शाता है कि सूबे के सीएम का उन पर पूरा पूरा हाथ है। तभी ये जलवा बरकरार है।

## नहीं आयेंगे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** सोमवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का मीरापुर विधानसभा में आगमन तय था। मगर किन्हीं कारणों के अब उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आगमन टल चुका है। अब उनकी पांच अक्टूबर को आने की संभावना जताई जा रही है। आपको बता दें कि सम्भवतः अगले माह मीरापुर विधानसभा पर उप चुनाव होने जा रहा है, जिसके चलते उक्त सीट से रालोद-भाजपा का गठबन्धन प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा जायेगा। इसी के प्रचार के लिए उपमुख्यमंत्री का आगमन तय था, जो अब टल गया है।




## अक्तूबर में आठ दिन रहेंगी बैंकों की छुट्टियां

**मुजफ्फरनगर, 29 सितम्बर (बु.)।** अक्तूबर के महीने में कुल 8 दिन बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, डिजिटल बैंकिंग से लेनदेन जारी रहेगा। गांधी जयंती, दशहरा, दीपावली के साथ ही रविवार और दूसरे व चौथे शनिवार की छुट्टियां शामिल हैं। अक्तूबर में त्योहारों की वजह से देशभर में बैंकिंग सेवाएं बंद रहेंगी। इसकी सूची आरबीआई की ओर से जारी की गई है। हालांकि, यूपी के बैंक कुल 8 दिन बंद रहेंगे। इससे उपभोक्ताओं को कुछ राहत होगी। अब छुट्टी का असर इसलिए नहीं पड़ता क्योंकि हर छोटे-बड़े दुकानदार डिजिटल लेनदेन स्वीकार कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को नकदी जैसी समस्या नहीं होगी। आरबीआई ने दशहरा का अवकाश 11-12 अक्तूबर को घोषित कर रखा है। हालांकि 11 को दशहरा का अवकाश प्रदेश में बैंकों में नहीं रहेगा। ये हैं छुट्टियां -2 अक्तूबरः गांधी जयंती, 6 अक्तूबरः रविवार, 12 अक्तूबरः दूसरा शनिवार व दशहरा को लेकर अवकाश, 13 अक्तूबरः रविवार, 20 अक्तूबरः रविवार, 26 अक्तूबरः चौथा शनिवार, 27 अक्तूबरः रविवार, 31 अक्तूबरः दीपावली

## भारत में कोई बड़ा हमला हुआ तो पाकिस्तान में घुस कर मारेंगे: राजनाथ

**श्रीनगर, 29 सितंबर (वार्ता)** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला होता है, तो पाकिस्तान के अंदर घुसकर मारा जायेगा। श्री सिंह ने जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के सीमावर्ती इलाके गुएज के में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान लगातार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद फैल जाये। रक्षा मंत्री ने कहा, ''वे (पाकिस्तान) नहीं चाहते कि यहां लोकतंत्र पनपे। लेकिन लोगों का साहस देखने के बाद मुझे यकीन है कि अब दुनिया की कोई भी ताकत यहां के लोकतंत्र को कमजोर नहीं कर सकती है।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह एक 'नया भारत' है और आतंकवाद के खिलाफ, अगर जरूरत पड़ी तो वह सीमा पार जाकर उसका सामना कर सकता है। उन्होंने कहा,



''और जो लोग सीमा पार से भारत को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, मैं उनसे भी कहना चाहता हूं कि अगर भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला होता है, तो वे जहां भी बैठे हों, हम घुस कर मारेंगे।'' श्री सिंह ने कहा कि जब से उनकी सरकार सत्ता में आयी है, कश्मीर में शांति है और इस सच्चाई से कोई इनकार नहीं कर सकता। उन्होंने पाकिस्तान की वित्तीय सेहत को लेकर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2014-15 में जम्मू-कश्मीर को विशेष पीएम पैकेज दिया गया था। आज पीएम पैकेज 90,000 करोड़ रुपये का है।

# लोगों से सिर्फ 'मेक इन इंडिया' उत्पाद खरीदने की मोदी की अपील




**नयी दिल्ली, 29 सितंबर (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुये फिर से देशवासियों से सिर्फ मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदने की रविवार को अपील की। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 114वीं कड़ी में यह अपील करते हुये कहा,'' इस महीने एक और महत्वपूर्ण अभियान 'मेक इन इंडिया' को 10 साल पूरे हुए हैं। इस अभियान की सफलता में, देश के बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों तक का योगदान शामिल है। गरीब, मध्यम वर्ग और एमएसएमई को इस अभियान से बहुत फायदा मिल रहा है। इस अभियान ने हर वर्ग के लोगों को अपना कौशल सामने लाने का अवसर दिया है। आज, भारत विनिर्माण का पावरहाउस बना है और देश की युवा-शक्ति की वजह से दुनिया-भर की नजरें हम पर हैं।'' श्री मोदी ने कहा,'' त्योहारों के इस मौसम में आप फिर से अपना पुराना संकल्प भी जरूर दोहराइए। कुछ भी खरीदेंगे, वो, 'मेक इन इंडिया ', ही होना चाहिए, कुछ भी उपहार देंगे, वो भी, 'मेक इन इंडिया ' ही होना चाहिए। सिर्फ मिट्टी के दीये खरीदना ही वोलक फॉर लोकल नहीं है। आपको, अपने क्षेत्र में बने स्थानीय उत्पादों को ज्यादा-से-ज्यादा बढ़ावा देना चाहिये। ऐसा कोई भी उत्पाद जिसे बनाने में भारत के किसी कारीगर का पसीना लगा है, जो भारत की मिट्टी में बना है, वो हमारा गर्व है - हमें इसी गौरव पर हमेशा, चार चाँद लगाने हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, विमानन, इलेक्ट्रानिक्स, रक्षा हर क्षेत्र में देश का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का लगातार बढ़ना भी 'मेक इन इंडिया' की सफलता की गाथा कह रहा है। उन्होंने कहा, ''अब हम मुख्य रूप से दो चीजों पर फोकस कर रहे हैं। पहली है गुणवत्ता यानि, हमारे देश में बनी चीजें वैश्विक मानकों की हों। दूसरी है 'वोकल फॉर लोकल यानी, स्थानीय चीजों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। 'मन की बात' में हमने माय प्रोडक्ट माय प्राइड की भी चर्चा की है। स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने से देश के लोगों को फायदा होता है।''